दैनिक जागरण 23/02/2024

शुद्ध पंजाबी लेखनी में सागर अव्वल

जीएमएन कालेज में कार्यक्रम में भाग लेने वाले विजेता प्राचार्य व अन्य के साथ। ● विज्ञप्ति

जासं, अंबाला : अंतरराष्ट्रीय मातृ भाषा के उपलक्ष्य में पंजाबी विभाग में शुद्ध पंजाबी लेखनी का हुआ आयोजन गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) काले जमें हुआ। प्रतियोगिता का विषय विद्यार्थी जीवन विच मातृ भाषा दा महत्व रहा। कालेज पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि पंजाबी भाषा का संबंध न केवल एक सूबे के साथ है बल्कि इसका संबंध पूरे विश्व के साथ है। पंजाबियों के फैलाव के बारे में यह पुष्टि हुई कि 150 देशों में पंजाबी लोग रह रहे हैं। इसी कारण पंजाबी भाषा, साहित्य सभ्याचार को विश्व प्रसंग में समझना जरूरी है। विश्व प्रसंग में बदलाव बड़ी तेजी से आ रहा है। इस प्रतियोगिता में 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रथम स्थान बीए द्वितीय वर्ष के सागर कुमार, द्वितीय स्थान तरूण कुमार, तृतीय स्थान आदिल बीए प्रथम वर्ष ने हासिल किया। सांत्वना पुरस्कार वरूण और सुनीता ने हासिल किया।